हिन्दी प्रादेशिक समाचार

आकाशवाणी चंडीगढ़

08 मार्च 2025, समय 1810

- राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने देश के कार्यबल में महिलाओं की अधिक भागीदारी पर जोर दिया।

  प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा है कि उनकी सरकार महिलाओं की सशक्तिकरण के प्रति समर्पित है।

  हरियाणा में आज अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर पंचकूला में राज्य स्तरीय कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

- मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने महिलाओं के सशक्तिकरण के प्रति अपनी सरकार की प्रतिबद्धता दोहराई।

  राज्यपाल बंडारू दत्तात्रेय ने हरियाणा सरकार द्वारा महिलाओं के उत्थान के लिए चलाई जा रही जनकल्याणकारी योजनाओं की सराहना की।

  ***************************************************************************

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने देश के कार्यबल में महिलाओं की अधिक भागीदारी पर जोर दिया है। उन्होंने कहा कि भारत के विश्व की तीसरी अर्थव्यवस्था बनने की ओर अग्रसर होने को देखते हुए यह जरूरी है।

आज जब भारत विश्व की तीसरी सबसे बडी अर्थव्यवस्था बनने की ओर अग्रसर हो रहा है, तब देश के वर्क फोर्स में महिलाओं की भागीदारी तेजी से बढनी चाहिए। वर्कफोर्स में महिलाओं की भागीदारी बढाने के लिए उन्हें शिक्षा और नौकरी से समान अवसर प्रदान करना महत्वपूर्ण है।

राष्ट्रपति ने आज नई दिल्ली में अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के उपलक्ष्य में नारी शक्ति से विकसित भारत पर एक दिन के सम्मेलन का उद्घाटन करते हुए महिलाओं की प्रगति के लिए अवसर सृजित करने में समाज की भूमिका पर बल दियाउन्होंने कहा कि देश की बेटियां विकसित भारत का स्वप्न साकार करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही हैं।

एक मां अपने प्रयासों से बच्चों को आदर्श नागरिक बना सकती है। मेरा मानना है कि स्वावलंबी, स्वाभिमानी, स्वतंत्र और सशक्त नारी के बल पर ही विकसित भारत का निर्माण हो सकता है। विकसित भारत का संकल्प हम सबका संकल्प है, जिसे हम सभी को मिलकर पूरा करना होगा। इसलिए मैं सभी को अपील करूंगी कि महिलाओं को सबल, सशक्त और आत्मनिर्भर बनने में हर कदम में सहयोग करें।

राष्ट्रपति ने कहा कि लोकसभा और राज्य विधानसभा में महिलाओं के लिए आरक्षण का प्रावधान एक ऐतिहासिक कदम है।

केन्द्रीय मंत्री अर्जुन राम मेघवाल और अन्नपूर्णा देवी ने भी समारोह को संबोधित किया।

***************************************************************************

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा है कि उनकी सरकार महिलाओं के सशक्तिकरण के लिए समर्पित है। आज अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर गुजरात के नवसारी में आयोजित 'लखपति दीदी सम्मेलन' को संबोधित करते हुए श्री मोदी ने कहा कि भारत, महिला-नेतृत्व वाले विकास की दिशा में आगे बढ़ रहा है।

उन्होंने महिलाओं के जीवन को बेहतर बनाने के लिए उठाए गए महत्वपूर्ण कदमों पर भी प्रकाश डाला। प्रधानमंत्री ने सम्मेलन के दौरान 25 हजार से अधिक स्वयं सहायता समूहों की महिलाओं को चार सौ 50 करोड़ रुपये की वित्तीय सहायता वितरित की। श्री मोदी ने पांच लखपति दीदियों को लखपति दीदी प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया।

***************************************************************************

हरियाणा में आज अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर पंचकूला में राज्य स्तरीय कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने मुख्य अतिथि के तौर पर शिरकत की। इस अवसर पर महिला एवं बाल विकास मंत्री श्रीमती श्रुति चौधरी और स्वास्थ्य मंत्री आरती राव भी मौजूद रही।इस अवसर पर अपने संबोधन में मुख्यमंत्री ने महिलाओं के सशक्तिकरण के प्रति अपनी सरकार की प्रतिबद्धता दोहराई।

उन्होंने महिलाओं के समग्र विकास के लिए चलाए जा रहे कार्यक्रमों और योजनाओं पर भी प्रकाश डाला। कार्यक्रम में प्रदेश भर से आई महिलाओं को उनके संघर्षों, उपलब्धियों और समाज में उनकी महत्वपूर्ण भूमिका के लिए सम्मानित किया गया । यह सम्मान विभिन्न श्रेणियों में दिए गए। करनाल की श्रीमती शांता रंगा को श्रीमती सुषमा स्वराज पुरस्कार, हिसार की बाला वर्मा और जींद की रेखा रानी धीमान को इंदिरा गांधी महिला शक्ति पुरस्कार से सम्मानित किया गया। हांसी की मीनू देवी को कल्पना चावला शौर्य पुरस्कार से नवाजा गया जबकि लाइफ टाईम अचीवमेंट अवॉर्ड अंबाला की कमलेश अरोड़ा को दिया गया । बराड़ा की दसवीं कक्षा की छात्रा हिमानी सभ्रवाल को स्वास्थ्य विभाग के साथ मिलकर पिछले 9 वर्षो से लोगो में स्वच्छता, मलेरिया व डेंगू से बचाव के बारे में जागरूकता फैलाने के लिए सम्मानित किया गया ।

**********************************************************************

हरियाणा के राज्यपाल बंडारू दत्तात्रेय ने अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर सभी को बधाई दी है। । श्री दत्तात्रेय ने जीवन के सभी क्षेत्रों में महिलाओं के अमूल्य योगदान पर जोर देते हुए हरियाणा सरकार द्वारा महिलाओं के उत्थान के लिए चलाई जा रही अनेक जनकल्याणकारी योजनाओं की सराहना की।श्री दत्तात्रेय ने कहा कि राज्य सरकार महिलाओं के लिए एक सुरक्षित, अधिक समावेशी और अवसर-संचालित वातावरण बनाने के अपने संकल्प में दृढ़ है। चाहे वह बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ अभियान के माध्यम से हो या रोजगार के अवसरों में वृद्धि के माध्यम से, हरियाणा सभी क्षेत्रों में महिलाओं को सशक्त बनाने में एक मिसाल कायम कर रहा है।

**********************************************************************

हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के उपलक्ष्य में पंचकूला के राजकीय महिला पी.जी. महाविद्यालय में आयोजित नारी शक्ति रक्तदान शिविर में शिरकत की। रक्तदान शिविर में 138 से अधिक महिलाओं ने रक्तदान किया।रक्तदान करने वाली और वहाँ मौजूद अन्य महिलाओं को सम्बोधित करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस का दिन महिलाओं द्वारा अपने अधिकारों के लिए किए संघर्षों और उपलब्धियों की याद दिलाता है।

उन्होंने कहा कि इस  रक्तदान शिविर से पूरे देश में संदेश जाएगा और अन्य  महिलाओं को भी समाज सेवा के लिए प्रेरित करेगा।मुख्यमंत्री ने रक्तदान करने वाली महिलाओं को प्रशंसा पत्र देकर सम्मानित भी किया।

***************************************************************************

केंद्र और राज्य सरकार द्वारा महिला सशक्तिकरण के लिए लगातार प्रयास किए जा रहे हैं। उनको आत्मनिर्भर बनने और पुरुषों के कंधे से कंधा मिलाकर चलने के लिए प्रेरित किया जा रहा है।

**************************************************************************

हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी आज  पंचकूला के सेक्टर पांच स्थित टाउन पार्क में विधिवत रूप से 37वें  बसंत उत्सव  का शुभारंभ किया। इस दो दिवसीय बसंत उत्सव का आयोजन पंचकूला महानगर विकास प्राधिकरण द्वारा किया गया है।श्री नायब सिंह ने उत्सव में फूलों की विभिन्न किस्मों का अवलोकन करने के साथ-साथ पौधारोपण भी किया